पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक मई से टोल देना होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ से गाजीपुर तक बने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक मई से टोल देना होगा। इस पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर देय टोल दरें ही लागू होंगी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों को 2.45 रुपये प्रति किमी के हिसाब से टोल भरना होगा।

मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिए टोल वसूलने का जिम्मा 222 करोड़ रुपये सालाना पर निजी कंपनी प्रकाश एसफाल्टिंग्स एण्ड टोल हाइवेज इण्डिया को दिया गया है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लोकार्पण पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। तब से अब तक उस पर वाहन चालक निःशुल्क आ जा रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस पर सुरक्षा बंदोबस्त के लिहाज से छह एम्बुलेंस व 12 पेट्रोलिंग वाहन को मंजूरी दी गई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कार चालकों से टोल के रूप में 650 रुपये लिए जाते हैं। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे 301 किमी लंबा है तो पूर्वांचल एक्सप्रेसवे 341 किमी।

12 पेट्रोलियम वाहनों को एक्सप्रेस वे पर मंजूरी

- 2.45 रुपये प्रति किमी के हिसाब से टोल लगेगा

सुरक्षा पर जोर

यूपीडा का कहना है कि इस फैसले से सरकार को टोल राजस्व प्राप्त होने के साथ-साथ वाहनों एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तेजी से चिकित्सा सुविधा भी प्राप्त हो सकेगी। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।